DT दीनार टाइम्स



# सीएसए में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1000 पौधों का रोपण

संवाददाता/ डीटीएनएन



कानपुर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर के छह प्रमुख स्थानों पर करीब एक हजार पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों एवं पुराने दुग्धशाला प्रक्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

**विश्वविद्यालय के छह स्थानों पर चला वृक्षारोपण अभियान, छात्रों को सौंपी गई संरक्षण की जिम्मेदारी**

कार्यक्रम के दौरान कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया एक पेड़ माँ के नाम का संदेश केवल पर्यावरण संरक्षण का ही नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि आज पेड़ लगाए जाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण मिल सकेगा। वैश्विक तापमान वृद्धि की चुनौती को देखते हुए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं को सौंपी है, ताकि अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित न रहे बल्कि पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। कुलपति ने बताया कि यह वृक्षारोपण अभियान विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलेगा और विश्वविद्यालय से जुड़े कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की अपील की।



# सीएसए में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1000 पौधों का रोपण




वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय परिसर के छह प्रमुख स्थानों पर करीब 1000 पौधों का रोपण किया गया।इस अभियान के तहत विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों और पुराना दुग्धशाला प्रक्षेत्र समेत छह स्थानों को चिन्हित किया गया, जहां पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता, निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की जिम्मेदारी भी छात्र-छात्राओं को सौंपी है, ताकि लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया एक पेड़ माँ के नाम का संदेश केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि वृक्ष जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि आज अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण मिल सकेगा। वैश्विक तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह वृक्षारोपण अभियान एक सप्ताह तक जारी रहेगा। साथ ही विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बड़े स्तर पर पौधारोपण कराया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की गई।

अमर उजाला 02/07/2026

# शिक्षकों ने रोपे एक हजार पौधे




सीएसए में मां के नाम लगाया गया पौधा। स्रोत: सीएसए

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के तहत बुधवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के छह प्रमुख स्थानों पर एक हजार पौधे रोपित किए। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि वृक्ष प्राणवायु प्रदान करते हैं, इसलिए उनका संरक्षण नैतिक दायित्व है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि यह पौधारोपण अभियान एक सप्ताह तक चलेगा। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया। (ब्यूरो)

वर्ष : 19 अंक : 162 लखनऊ गुरुवार, 02 जुलाई 2026 पृष्ठ : 16, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

नगर संस्करण

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गये 1000 पौधे, संरक्षण की दी जिम्मेदारी



**कानपुर।** सीएसए में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत विश्वविद्यालय द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों एवं पुराना दुग्धशाला प्रक्षेत्र सहित विश्वविद्यालय के छः प्रमुख स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता तथा निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों सहित अनेक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि देश के ओजस्वी "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' का नारा दिया है, यह केवल पर्यावरणीय जागरूकता नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी है। और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं।" कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि "वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं, उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। यदि हम आज पेड़ लगाएंगे तो कल हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी। वैश्विक तापमान वृद्धि की चुनौती से सभी परिचित हैं और इस दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।" इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि समाज में हरित क्रांति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना भी है।

विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलेगा। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी जिम्मेदारी भी स्वयं उठाएं।

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र | एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजि

01:07:2026 | वर्ष 20 अंक 171 | RNI-No. UPH


## सीएसए में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत 1000 पौधों का रोपण,छ




संवाददाता | अनवर अशरफ

कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत विश्वविद्यालय द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों एवं पुराना दुग्धशाला प्रक्षेत्र सहित विश्वविद्यालय के छः प्रमुख स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता तथा निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों सहित अनेक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।योजना का उद्देश्य छात्र छात्राओं की भागीदारी से पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि देश के ओजस्वी "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' का नारा दिया है, यह केवल पर्यावरणीय जागरूकता नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी है।और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं।" कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि "वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं, उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। यदि हम आज पेड़ लगाएंगे तो कल हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी। वैश्विक तापमान वृद्धि की चुनौती से सभी परिचित हैं और इस दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।" इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि समाज में हरित क्रांति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना भी है। विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलेगा। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी जिम्मेदारी भी स्वयं उठाएं, जिससे धरती को हरा-भरा और जीवन योग्य बनाए रखा जा सके।

अमर भारती
एक उम्मीद
04 प्रदेश, 06 संस्करण
185, पृष्ठ: 12, मूल्य: 03 रु. RNI No. UPHIN/2011/46455 www.amarbharti.com मंगलवार, 02 जुलाई 2026 शक सम्वत् 19

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1000 पौधों का रोपण

अमर भारती ब्यूरो

**कानपुर ।** सीएसए में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विश्वविद्यालय द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों एवं पुराना दुग्धशाला प्रक्षेत्र सहित विश्वविद्यालय के छ- प्रमुख स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता तथा निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों सहित अनेक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।योजना का उद्देश्य छात्र छात्राओं की भागीदारी से पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि देश के ओजस्वी ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' का नारा दिया है, यह केवल पर्यावरणीय जागरूकता नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी है।और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं।÷ कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान



करते हैं, उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। यदि हम आज पेड़ लगाएंगे तो कल हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी। वैश्विक तापमान वृद्धि की चुनौती से सभी परिचित हैं और इस दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।÷ इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि समाज में हरित क्रांति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना भी है। विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलेगा। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी जिम्मेदारी भी स्वयं उठाएं, जिससे धरती को हरा-भरा और जीवन योग्य बनाए रखा जा सके।

डाक पंजीयन सं.-केपी.सिटी-137/2026 -28

दैनिक
तस्वीर आजकल

कानपुर
गुरूवार 2 जुलाई 2026
वर्ष-19 अंक- 233
पृष्ठ-10 मूल्य 1:00

# सीएसए में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छह स्थानों पर किया गया 1000 पौधों का रोपण

तस्वीर आजकल ब्यूरो




कानपुर देहात। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विश्वविद्यालय द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों एवं पुराना दुग्धशाला प्रक्षेत्र सहित विश्वविद्यालय के छह प्रमुख स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 पौधों का रोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम में कुलपति डॉक्टर संजीव गुप्ता तथा निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों सहित अनेक छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। योजना का उद्देश्य छात्र/छात्राओं की भागीदारी से पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। कुलपति ने कहा कि देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' का नारा दिया है, यह केवल पर्यावरणीय जागरूकता नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी है और इसके जरिए आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं, उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। यदि हम आज पौधे लगाएंगे तो कल हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी। वैश्विक तापमान वृद्धि की चुनौती से सभी परिचित हैं और इस दिशा में छोटे-छोटे प्रयास भी बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि समाज में हरित क्रांति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना भी है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने कहा कि यह पौधारोपण अभियान विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलेगा। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बृहद पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी जिम्मेदारी भी स्वयं उठाएं, जिससे धरती को हरा-भरा और जीवन योग्य बनाए रखा जा सके।

दैनिक जागरण 02/07/2026

# सीएसए विश्वविद्यालय में रोपे एक हजार पौधे

जासं, कानपुर : सीएसए में बुधवार को अमृत हरित महाभियान के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। साथ ही पौधों की नियमित देखरेख की जिम्मेदारी छात्र-छात्राओं को भी सौंपी गई।

विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावास परिसर, पुराने दुग्धशाला प्रक्षेत्र समेत विभिन्न स्थानों पर एक हजार पौधे रोपे गए।



सीएसए में पौधारोपण करते कुलपति डा. संजीव गुप्ता ● सीएसए

R.N.i.NO. UPHIN/2008/ 29355
डाक पंजीकन संख्या KANPUR Cty 328/2012

दैनिक
वक्त दर्शन

कानपुर से प्रकाशित, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र एवं दिल्ली, मुम्बई, तेलंग

वर्षः 18 | अंक :154 | कानपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026 | पृष्ठ : 8 | मूल्य ए

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1000 पौधों का रोपण




कुंवर राज भदौरिया

कानपुर नगर, वक्त दर्शन कार्यालय गोपाल नगर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विश्वविद्यालय द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र, छात्रावासों एवं पुराना दुग्धशाला प्रक्षेत्र सहित विश्वविद्यालय के छः प्रमुख स्थानों पर इस अभियान के अंतर्गत लगभग 1000 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में कुलपति डॉ संजीव गुप्ता तथा निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों सहित अनेक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।योजना का उद्देश्य छात्र छात्राओं की भागीदारी से पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' का नारा दिया है, यह केवल पर्यावरणीय जागरूकता नहीं बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक भी है।और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी प्राणवायु प्रदान करते हैं, उनकी रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। यदि हम आज पेड़ लगाएंगे तो कल हमारी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहेंगी। विश्वविद्यालय की मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील ककखान ने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान विश्वविद्यालय में एक सप्ताह तक चलेगा। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी बृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी से अपील की गई कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी जिम्मेदारी भी स्वयं उठाएं, जिससे धरती को हरा-भरा और जीवन योग्य बनाए रखा जा सके।

हिंदुस्तान 02/07/2026




# कैंपस में रोपे 1000 पौधे, कुलपति हुए शामिल

कानपुर। सीएसए में अमृत हरित महाभियान महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दौरान पौधरोपण किया गया। विवि के प्रमुख स्थानों पर 1000 पौधे रोपे गए। इसमें कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने भाग लिया। कुलपति ने कहा कि इससे हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण प्रदान कर सकते हैं। डॉ. खलील खान ने कहा कि यह अभियान विवि में एक सप्ताह तक चलेगा।

Times Of India 02/07/2026

# CSA University plants 1,000 saplings under 'Ek Ped Maa Ke Naam'

**Kanpur:** Chandrashekhar Azad University of Agriculture and Technology (CSA) here launched a large-scale plantation drive under the "Ek Ped Maa Ke Naam" campaign as part of the Amrit Harit Mahabhiyan Mahotsav, planting around 1,000 saplings across the campus.

The plantation was carried out at six major locations, including the Student Training Field, hostels and the Old Dairy Field. Vice-Chancellor Dr Sanjeev Gupta, along with directors, deans, heads of departments, faculty members, staff and students, participated in the campaign.

Dr Gupta said PM Narendra Modi's "Ek Ped Maa Ke Naam" campaign represents not only environmental awareness but also an emotional bond with nature. He said protecting trees is a moral responsibility, as they provide life-sustaining oxygen and play a vital role in combating global warming. "If we plant trees today, future generations will inherit a safer and healthier environment. Even small individual efforts can collectively bring about significant environmental change," he said. University media in-charge Dr Khalil Khan said that plantation drive will continue across the university for a week. Similar plantation drives were also organised at Krishi Vigyan Kendras functioning under the university.